NHS
Test and Trace

# ऐसे माता-पिता जिनके बच्चे नर्सरियों, स्कूलों और कॉलेजों में हैं

## कोविड-19 की नियमित त्वरित जाँच के लिए गाइड



## नियमित त्वरित जाँच अब माता-पिता, उनकी गृहस्थी और बबल्स के सदस्यों के लिए उपलब्ध है।

**आपको कोरोनावायरस है या नहीं, यह पता लगाने, और आपके प्रियजनों और समुदाय की रक्षा करने में मदद देने के लिए,** नियमित त्वरित जाँच एक तेज़ और आसान तरीक़ा है। **यह मुफ्त है और इसमें करीब 30 मिनट लगते हैं।**

## नियमित त्वरित जाँच पेश क्यों की गई?

संभव है कि कोविड-19 से ग्रस्त **3 व्यक्तियों में से 1** को कोई लक्षण न हों और वो बिना जाने इसे फैला रहे हो।

**नियमित त्वरित जाँच अब नर्सरी, स्कूल के बच्चों और कॉलेज के छात्रों के माता-पिता को उपलब्ध है।** और साथ ही उनकी गृहस्थी, चाइल्ड कैअर और सपोर्ट बबल्स में शामिल व्यस्कों को भी उपलब्ध है।

लक्षण न होने वालों की नियमित जाँच पहले ही देश भर में करवाई जा रही है। हज़ारों लोग जिन्हें पता नहीं था कि उन्हें वायरस है, बीमारी फैलने को रोकने के लिए क़दम उठा पाए हैं।

जैसे-जैसे लॉकडाउन की पाबंदियाँ कम होंगी, **वैक्सीन लगवाने के साथ-साथ,** हाथ धोने, चेहरा ढकने, दूरी बनाए रखने और सामाजिक दूरी के निर्देशों का पालन, स्थिति को सामान्य बनाने **में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।**

## स्कूल के कर्मचारियों और छात्रों के लिए नियमित जाँच

**नर्सरी, प्राइमरी और सेकेंडरी स्कूलों और कॉलेजों के सभी कर्मचारियों** को नियमित त्वरित जाँच पहले से ही उपलब्ध है।


11 और उससे अधिक उम्र वाले सेकेंडरी स्कूल और कॉलेज के छात्रों को सीधे अपने स्कूल या कॉलेज के माध्यम से नियमित त्वरित जाँच पहले की तरह मिलती रहेगी। और हम उन्हें जाँच करवाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

छात्र जब स्कूल वापस आएँगे, तब शुरुआत में स्कूल में जाँच करते समय उनपर नज़र रखी जाएगी और फिर वे स्कूल या कॉलेज से मिलने वाली टेस्ट किट से खुद की जाँच करना जारी रख पाएँगे।

**नर्सरी और प्राइमरी स्कूल के बच्चों को जाँच करवाने के लिए नहीं कहा जा रहा** क्योंकि प्रमाण दिखाते हैं कि बच्चों और युवा लोगों को कोविड-19 होने का बहुत कम ख़तरा है और इससे उनकी गंभीर रूप से बीमार होने की संभावना बहुत कम है।

## आपके लिए क्या लाभ है?

नियमित त्वरित जाँच में भाग लेकर, आप अपनी और अपने प्रियजनों की रक्षा करेंगे और हम सभी को पहले जैसा सामान्य जीवन वापस लाने में मदद करेंगे।



# यह कैसे काम करता है?

**यह एक सरल स्वैब जाँच है जिसे आप घर, स्कूल, कामकीजगह या टैस्ट साइट पर लेट्रल फ़्लो डिवाइस (LFD) के इस्तेमाल से कर सकते हैं। आपको वायरस है या नहीं, यह पता लगाने में लगभग 30 मिनट लगते हैं।**

जाँच वायरस प्रोटीन की मौजूदगी का पता लगाती है जो कोविड-19 से संक्रमित लोगों में मौजूद होते हैं। पब्लिक हैल्थ इंग्लैण्ड और ऑक्सफोर्ड युनिवर्सिटी का शोध दर्शाता है कि वे अधिकांश लोगों को बीमारी की सबसे ज़्यादा संक्रामक अवस्था में पकड़ते हैं। वायरस से संक्रमित 3 में से 1 व्यक्ति में बीमारी के कोई लक्षण नहीं होते - इसलिए संभव है कि वो बिना जाने इसे फैला रहे हों।

**जाँच हर हफ़्ते में दो बार, हर तीन से पाँच दिन के भीतर, होनी चाहिए और सबसे अच्छा होगा कि ये सुबह हों। इसे अपनी सुबह की दिनचर्या में क्यों न जोड़ें?**

यदि आपकी जाँच का परिणाम नेगेटिव आता है, तो आप काम पर जाना जारी रख सकते हैं। आपको फिर भी सरकार के अन्य सभी दिशानिर्देशों का सख़्ती से पालन करना चाहिए और हर तरह के अनावश्यक संपर्क से बचना चाहिए। यदि आप, आपकी गृहस्थी या बबल की जाँच का परिणाम पॉज़िटिव आता है, तो आप सबको तुरंत ही लोगों से अलग हो जाना चाहिए। और फिर वह व्यक्ति जिसकी जाँच का परिणाम पॉज़िटिव आया है, उसे प्रमाणित करने वाली PCR जाँच भी करवानी चाहिए और सरकार के नवीनतम दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए।

**अधिक जानकारी के लिए** gov.uk/guidance/understanding-lateral-flow-antigen-testing-for-people-without-symptoms **पर जाएँ**



**रैपिड लेट्रल फ्लो जाँच का यूट्यूब परिचय**




## अपनी जाँच की रिपोर्ट करना

आपको तुरंत ही अपने **रिज़ल्ट यानी परणामों की ऑनलाइन रिपोर्ट करनी चाहिए**, भले ही आपका रिज़ल्ट नेगेटिव हो या अस्पष्ट हो। ऐसा करना आसान है, यहाँ जाएँ: gov.uk/report-covid19-result

परिणामों की रिपोर्ट **टेलिफोन द्वारा 119 पर कॉल करके** भी दी जा सकती है (मोबाइल और लैंडलाइन से मुफ्त) **लाइनें हर रोज़, सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक खुली हैं।**

यदि आपकी जाँच का परिणाम पॉज़िटिव आया है, तो आप यह भी देख सकते हैं की क्या आप £500 टेस्ट एंड ट्रेस के सहायता भुगतान के लिए योग्य हैं।



## मैं जाँच कहाँ करवा सकता / सकती हूँ?

यदि आप माता-पिता या वयस्क हैं जो किसी गृहस्थी, चाइल्डकैअर या सपोर्ट बबल के सदस्य हैं, तो आप या तो:

1. काम पर उपलब्ध हो, तो सहायता-प्राप्त जाँच करवा सकते हैं।
2. जाँच करवाने के लिए टैस्ट साइट पर जा सकते हैं (जहाँ आप देख पाएँगे कि जाँच कैसे करनी है) या घर पर करने के लिए जाँच किट ले सकते हैं।
3. घर पर करने के लिए ऑनलाइन जाँच ऑर्डर कर सकते हैं।

त्वरित कोविड-19 की जाँच कैसे करवानी है, यह पता करने के लिए gov.uk/coronavirus-school-household-testing पर जाएँ

नियमित त्वरित जाँच उन लोगों के लिए है जिन्हें कोरोनावायरस के लक्षण नहीं हैं। यदि आपको लक्षण हैं, तो आपको nhs.uk/coronavirus पर जाकर बुकिंग जारी रखनी चाहिए।